11.03.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने सभी जिला रसद अधिकारियों को घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की सूचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

○ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षित करने पर ज़ोर दिया।

○ सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार किसी व्यक्ति को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी।

○ प्रदेश में शनिवार से मौसम में बदलाव के आसार–19 ज़िलों में आंधी, बारिश और ओले का येलो अलर्ट।

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार ने आज सचिवालय में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला रसद अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शासन सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य में रसोई गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को इस संबंध में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में तेल और गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सिलेंडरों की समयबद्ध आपूर्ति पर चर्चा की गई। शासन सचिव ने विशेष रूप से अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य आवश्यक सेवाओं में बिना किसी रुकावट के गैस आपूर्ति बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि इन संस्थानों को आपूर्ति में कोई समस्या आती है, तो संबंधित रसद अधिकारी तत्काल उसका समाधान करें। इस बीच, जयपुर में गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई निर्बाध जारी है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने राष्ट्र से जल के साथ एक अमूल्य खजाने की तरह व्यवहार करने का आग्रह किया। उन्होंने जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने पर बल दिया।

000

देशभर में जल महोत्सव 2026 की शुरूआत 8 मार्च को हुई। यह महोत्सव 22 मार्च 2026 तक जारी रहेगा।

000

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में इंटरनेट सेवाएं विश्व में सबसे सस्ती हैं। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले एक दशक में डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से डिजिटल समावेशन के तीन प्रमुख मोर्चों पर काम किया गया है।

000

श्री वैष्णव ने कहा है कि एआई–नियंत्रित खिलौने बच्चों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता कार्य मंत्रालय और गृह मंत्रालय इसे नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। लोकसभा में आज पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि जब भी कोई मामला सरकार के संज्ञान में आया है, तत्काल कार्रवाई की गई है।

000

खेजड़ी के संरक्षण के लिए नया कानून लाने के उद्देश्य से गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आज जयपुर में संसदीय कार्य और विधि मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित खेजड़ी संरक्षण अधिनियम के प्रारूप पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा और उद्योग राज्य मंत्री के. के. बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि खेजड़ी राजस्थान की संस्कृति और पर्यावरण का हिस्सा है। सरकार का उद्देश्य ऐसा कानून बनाना है जिससे खेजड़ी की अवैध कटाई पर रोक लग सके। बैठक में अन्य राज्यों के वृक्ष संरक्षण कानूनों का तुलनात्मक अध्ययन भी किया गया।

समिति की अगली बैठक 22 मार्च 2026 को होगी, जिसमें विधेयक के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

000

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर कल पाली से निजी विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार–आर.टी.ई. के तहत प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय लॉटरी निकालेंगे। प्रदेशभर के निजी स्कूलों में निःशुल्क सीटों पर विद्यार्थियों के चयन के लिए यह लॉटरी प्रक्रिया की जा रही है। श्री दिलावर पाली कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसे संपन्न करेंगे।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार किसी व्यक्ति को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी है। न्यायालय ने पिछले 12 वर्षों से अधिक समय से कोमा में पडे व्यक्ति के कृत्रिम जीवन रक्षक यंत्र को हटाने की अनुमति दे दी है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें जीवन रक्षक यंत्र या व्यक्ति को जीवित रखने के लिए आवश्यक उपचार को रोक दिया जाता है या हटा दिया जाता है। गाज़ियाबाद के रहने वाले पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र हरीश राणा को 2013 में अपने पीजी की चौथी मंजिल से गिरने के बाद सिर में गंभीर चोटें आईं थी। इसके बाद से वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में हैं।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में सिगनल विभाग की कार्यप्रणाली को डिजिटल बनाने के लिए कर्मचारियों को सौ हैंड–हेल्ड टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यह पहल 'सिग्नल मेंटेनेंस एंड मैनेजमेंट सिस्टम' यानी एस.एम.एम.एस. के पहले चरण के तहत की गई है।

000

झुंझुनूं जिले के आबूसर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। केंद्र के अध्यक्ष डॉ. दयानंद ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को बागवानी क्षेत्र में हो रहे आधुनिक बदलावों से अवगत कराना था। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में झुंझुनूं, बीकानेर, नागौर, डीडवाना–कुचामन और सीकर जिलों के लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। सेमीनार के दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को बागवानी की नई तकनीकों और अपने अनुभवों की जानकारी दी।

000

प्रदेश में शनिवार से मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके असर से 19 जिलों में आंधी, बारिश और ओले का येलो अलर्ट बताया गया है। इससे दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने और तेज गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इस बीच आज बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। बीते 24 घंटों में 40 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाडमेर सबसे गर्म रहा। वहीं हल्की से मध्यम हीटवेव महसूस की गई। वहीं पिलानी, चित्तौडगढ, चूरू, जोधपुर और जैसलमेर में पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ।

000

राजस्थान पुलिस की ओर से छात्राओं को साईबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के लिए कल एक विशेष ऑनलाइन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लता मनोज कुमार ने बताया कि ये कार्यक्रम वेबेक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से होगा। इसमें स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके जरिये साइबर अपराधों के प्रति जागरुकता बढ़ाने और महिला सुरक्षा के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। दो सत्रों में होने वाले इस कार्यक्रम में नये आपराधिक कानूनों और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया जाएगा।

000

राजस्थान दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह 19 मार्च को जालोर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री की पहल पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर होने वाले इन आयोजनों के तहत 14 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जालोर में आयोजित समारोह में लाभार्थियों के साथ संवाद और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की शुरुआत 14 मार्च को स्वच्छता सप्ताह से होगी।

000